Australian Government

NSW GOVERNMENT | sydney METRO

**Sydney Metro – Western Sydney Airport**

# ग्रेटर वेस्टर्न सिडनी (Greater Western Sydney) में नई मेट्रो रेल चल पड़ी है

2020



वेस्टर्न सिडनी के Aerotropolis स्टेशन (Western Sydney Aerotropolis Station) की कलाकार द्वारा बनाई आवृत्ति

## Sydney Metro – वेस्टर्न सिडनी एयरपोर्ट (Sydney Metro - Western Sydney Airport) का नियोजन काम चल रहा है

नई Sydney Metro – वेस्टर्न सिडनी एयरपोर्ट (Sydney Metro - Western Sydney Airport) रेलवे लाइन ग्रेटर वेस्टर्न सिडनी और नए वेस्टर्न सिडनी इंटरनेशनल Nancy-Bird Walton(Western Sydney International Nancy-Bird Walton Airport) एयरपोर्ट के बीच संचालन करेगी।

परियोजना के लिए औपचारिक नियोजन प्रक्रिया अब शुरु है, और नई मेट्रो रेल विकास कर रहे क्षेत्र के लिए परिवहन का मुख्य आधार बन जाएगी।

परियोजना वेस्टर्न सिडनी सिटी के समझौते की एक मुख्य वचनबद्धता है। यह निर्माण-कार्य के दौरान 14,000 नई नौकरियों का समर्थन करेगी, इसमें 250 नए एप्रेन्टसशिप नौकरियाँ शामिल हैं, जिससे NSW और राष्ट्रीय अर्थ-व्यवसाओं को मुख्य आर्थिक बढ़ावा मिलेगा।

एक तेज़, सुरक्षित और विश्वसनीय मेट्रो रेल सेवा समुदायों का संपर्क नए एयरपोर्ट, नौकरियों और सेवाओं से स्थापित करेगी, पूरे ग्रेटर सिडनी में रोज़गार अवसरों, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाओं तथा मनोरंजनात्मक गतिविधियों तक बेहतर पहुँच प्रदान करेगी।

वेस्टर्न सिडनी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (Western Sydney International airport), वेस्टर्न सिडनी Aerotropolis (Western Sydney Aerotropolis) और St Marys पर मुख्य स्टेशनों के साथ संरेखण में छ: नए स्टेशनों का निर्माण करने का प्रस्ताव दिया गया है – यहाँ उपभोक्ता मौजूदा सिडनी ट्रेनों (Sydney Trains) सबअर्बन (उप-नगरीय) T1 वेस्टर्न लाइन (T1 Western Line) के साथ कनेक्ट कर सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया और NSW की सरकारों का Sydney Metro – वेस्टर्न सिडनी एयरपोर्ट (Sydney Metro - Western Sydney Airport) को यात्री सेवाओं के लिए एयरपोर्ट के खुलने पर संचालनात्मक बनाने का साझा लक्ष्य है।

इस परियोजना में निम्नलिखित स्थानों पर स्टेशन शामिल होंगे:

- St Marys, मौजूदा सबअर्बन रेलवे स्टेशन के साथ इंटरचेंज़ करते हुए और उपभोक्ताओं को शेष सिडनी रेल नेटवर्क से कनेक्ट करते हुए
- Orchard Hills, भविष्य के वाणिज्यिक और मिश्रित-प्रयोग वाले परिसर में संचालन करने के लिए एक नया मेट्रो स्टेशन
- Luddenham, भविष्य के शिक्षा, नवप्रवर्तनशीलता और वाणिज्यिक परिसर में संचालन करने के लिए
- नए एयरपोर्ट का स्थल; एयरपोर्ट यात्री टर्मिनल पर एक और एयरपोर्ट बिजनस पार्क पर एक
- Aerotropolis का मुख्य वाणिज्यिक केन्द्र।

**स्टेशन के सटीक स्थल चालू जांच-पड़तालों और वर्तमान में किए जा रहे परियोजना डिज़ाइन कार्य के अधीन हैं।**

## सिटी को आकार देने वाली रेल

परियोजना (जिसे पहले Sydney Metro ग्रेटर वेस्ट (Sydney Metro Greater West) के नाम से जाना जाता था) Western Parkland City के लिए एक एकीकृत परिवहन प्रणाली प्रदान करने का मुख्य भाग है। Western Parkland City ग्रेटर वेस्टर्न सिडनी (Greater Western Sydney) के भागों को शामिल करती है जिनमें Greater Penrith, Liverpool और Campbelltown-Macarthur के स्थापित केन्द्र शामिल हैं।

नई मेट्रो रेल सिटी की मुख्य परिवहन बुनियाद बन जाएगी, और यह आवासीय क्षेत्रों को नौकरियों के केन्द्रों और राष्ट्रीय तौर पर महत्वपूर्ण वेस्टर्न सिडनी इंटरनेशनल (Western Sydney International) के साथ जोड़ेगी। Transport for NSW पूरी Western Parkland City के लिए एकीकृत परिवहन लिंक्स की योजना बनाने का काम जारी रख रही है।

एयरपोर्ट 2031 तक करीब 28,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियों का समर्थन करेगा और Western Parkland City के केन्द्र में वेस्टर्न सिडनी Aerotropolis (Western Sydney Aerotropolis) के विकास का समर्थन करेगा।


एयरपोर्ट और Aerotropolis एयरोस्पेस और रक्षा (डिफेंस), विनिर्माण, माल व रसद, पर्यटन एवं अनुसंधान जैसे उद्योगों में 2,00,000 नई नौकरियो का समर्थन करेगा।

## वेस्टर्न सिडनी सिटी का समझौता (The Western Sydney City Deal)

एयरपोर्ट और Aerotropolis वेस्टर्न सिडनी सिटी समझौते (Western Sydney City Deal)का एक मुख्य भाग है, 20-वर्ष का समझौता जिसपर ऑस्ट्रेलिया की सरकार, NSW सरकार और Blue Mountains, Camden, Campbelltown, Fairfield, Hawkesbury, Liverpool, Penrith तथा Wollondilly की स्थानीय सरकारों ने मार्च 2018 में हस्ताक्षर किया था।

सिटी समझौता सरकार के सभी स्तरों को वेस्टर्न सिडनी के लिए और अधिक नौकरियाँ प्रदान करने के लिए मिलकर काम करने हेतु तथा 38 प्रतिबद्धताओं के द्वारा क्षेत्र में रहने की योग्यता को बेहतर बनाने हेतु वचनबद्ध करता है, इसमें बेहतर कनेक्टिविटी, बेहतर पर्यावरण तथा क्षेत्र के लिए और अधिक आवास एवं शैक्षिक परिणाम शामिल हैं।

Sydney Metro - वेस्टर्न सिडनी एयरपोर्ट (Sydney Metro - Western Sydney Airport) प्रदान करना, Aerotropolis, वेस्टर्न सिडनी इंटरनेशनल (Western Sydney International) तथा St Marys को कनेक्ट करना, सिटी समझौते की एक मुख्य प्रतिबद्धता है





Sydney Metro की वर्तमान और प्रस्तावित लाइनें।
स्रोत: Sydney Metro


## स्टेशन के स्थल

Sydney Metro हितधारकों और उद्योग के साथ एक ऐसी परियोजना का निर्माण करने के लिए काम कर रही है जो एक तेज़, सुरक्षित व विश्वसनीय मेट्रो प्रदान करेगी।

परियोजना भविष्य के Western Parkland City की सफलता का समर्थन करेगी, और साथ ही St Marys, Orchard Hills, Luddenham, the Western Sydney Airport Business Park, Western Sydney Airport Terminal एवं Western Sydney Aerotropolis पर स्टेशनों की पुष्टि की गई है।

स्टेशन के सटीक स्थलों चालू जांच-पड़तालों और वर्तमान में किए जा रहे परियोजना डिज़ाइन कार्य के अधीन हैं।




Sydney Metro – वेस्टर्न सिडनी एयरपोर्ट (Sydney Metro - Western Sydney Airport) संकेतक संरेखण

*एयरपोर्ट और Aerotropolis के बीच सुरंगों के विकल्प जांच-पड़ताल कार्यों के अधीन हैं

# इस परियोजना की ज़रुरत क्यों है

2016

2036

वेस्टर्न सिडनी (Western Sydney) में वर्तमान में **20 लाख लोग** निवास करते हैं और यह अनुमान लगाया जाता है कि **2036 तक यह संख्या बढ़कर 37 लाख** हो जाएगी – सिडनी की 55% जनसंख्या।

**74%** निवासी **गाड़ी से काम पर जाते हैं।**

74% 5% 2%

वर्तमान में **320,000** से अधिक **निवासी** हर रोज़ नौकरी या पढ़ाई के लिए वेस्टर्न सिडनी क्षेत्र से बाहर यात्रा करते हैं।

320,000

2016

2030 की शुरुआत तक **100 लाख** वार्षिक वेस्टर्न सिडनी इंटरनेशनल (Western Sydney International) **एयरपोर्ट यात्री।**

100 लाख

एक-तिहाई निवासी नौकरी पर जाने के लिए **औसतन 90 मिनट यात्रा करते हुए व्यतीत करते** हैं।

90 मिनट

**2016 रोज़गार**
Western Parkland City में

- स्वास्थ्य देखभाल एवं शिक्षा 17%
- ज्ञान पर ज़ोर देने वाले 17%
- औद्योगिक 25%
- जनसंख्या को सेवा प्रदान करना 35%

**2036 रोज़गार**
Western Parkland City में

- एयरोस्पेस एवं डिफेंस
- पर्यटन
- माल एवं रसद
- स्वास्थ्य, अनुसंधान एवं आधुनिक विनिर्माण
- +200,000 और अधिक नौकरियाँ
- निर्माण-कार्य और कंस्ट्रक्शन
- भोजन एवं कृषि-व्यापार

NSW Department of Planning, Industry and Environment द्वारा NSW Population Projections से वेस्टर्न सिडनी की जनसंख्या स्रोत की गई।

St Marys स्टेशन की कलाकार की आवृत्ति।



## सामुदायिक फीडबैक

फरवरी 2020 में, समुदाय को भविष्य के मेट्रो स्टेशन परिसरों में सहायता करने के लिए प्रारम्भिक सहभागिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था।

### आपने हमें जो बताया:

### भविष्य में आपके सबर्ब के लिए आपकी शीर्ष परिवहन प्राथमिकताएँ

- सिडनी के शेष पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम तक मेट्रो कनेक्शन
- नए मेट्रो स्टेशनों तक अधिक बार कनेक्ट करने वाली बस सेवाएँ
- और अधिक सुलभ परिवहन कनेक्शन

### आप किस चीज़ को अपने समुदाय के लिए सबसे अधिक उपयोगी समझते/समझती हैं

- पब्लिक ट्रांसपोर्ट तक पहुँच
- पार्क एवं मनोरंजनात्मक सुविधाएँ
- समुदाय की भावना

### सेवाएँ, रिटेल और स्थान जो आपने हमें बताएँ हैं कि महत्वपूर्ण हैं ताकि आप अपने स्थानीय समुदायों में इनतक पहुँच प्राप्त कर सकें

#### सामुदायिक सुविधाएँ

- सामुदायिक स्थल
- सरकारी सेवाएँ
- चाइल्ड केयर सुविधाएँ

#### रिटेल और सेवाएँ

- सुपरमॉर्केट
- फॉर्मेसी
- जिम

#### सार्वजनिक स्थल

- बैठने के स्थान और मेज़
- घास/नर्म भूनिर्माण (लैंडस्कैपिंग)
- प्लेग्राउंड्स

हम उन सभी का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने इस सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए समय निकाला।

प्राप्त फीडबैक भविष्य के स्टेशन परिसरों और ग्रेटर वेस्टर्न सिडनी (Greater Western Sydney) के लिए परिवहन ज़रुरतों से सम्बन्धित व्यापक कार्यनीतिक नियोजन के डिज़ाइन को सूचित करेंगी।

## एकीकृत नियोजन विधि

आसपास के क्षेत्र में ऐसी कई अन्य परियोजनाएँ हैं जिन्हें भविष्य के Western Parkland City को आकार देने में सहायता देने के लिए प्रदान किया जाएगा।

Sydney Metro, NSW की अन्य सरकारी एजेंसियों, इंटरफ़ेसिंग परियोजनाओं और स्थानीय सरकार के साथ करीबी से काम कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि परियोजना के नियोजन एवं विकास में एक एकीकृत विधि अपनाई जाती है।

## समुदाय के साथ काम करना

Sydney Metro के यहाँ समर्पित सामुदायिक संबंध विशेषज्ञ काम करते हैं जिन्हें प्लेस मैनेजर कहा जाता है और जिनसे परियोजना के बारे में अधिक जानकारी लेने के लिए संपर्क किया जा सकता है। उनकी भूमिका में समुदाय के सदस्यों और परियोजना टीम के बीच एकमात्र, प्रत्यक्ष संपर्क के तौर पर काम करना शामिल है।

हमारे प्लेस मैनेजर Sydney Metro – वेस्टर्न सिडनी एयरपोर्ट (Sydney Metro - Western Sydney Airport) परियोजना के डिज़ाइन और डिलीवरी के दौरान स्थानीय समुदायों और हितधारकों के साथ करीब और निरंतर संपर्क बनाए रखने की अहम भूमिका निभाएँगे।



Sydney Metro का एक सामुदायिक समारोह।

## शुरुआती जांच-पड़ताल

Sydney Metro शुरुआती डिज़ाइन और नियोजन कार्य के भाग के तौर पर परियोजना संरेखण के साथ-साथ स्थल की जांच-पड़ताल का काम भी कर रही है। गतिविधियों में भू-तकनीकी जांच-पड़ताल, आवाज़ की निगरानी और विरासत एवं परिस्थितिकी सर्वेक्षण संबंधी गतिविधियाँ शामिल हैं। समुदाय को समय रहते कार्यों की सूचना दी जाएगी।

Sydney Metro वर्तमान सरकारी सलाह के अनुसार अपनी पूरी परियोजनाओं में काम करना जारी रखेगी और कर्मचारियों तथा समुदाय के सदस्यों की सुरक्षा के लिए सामाजिक दूरी तथा यात्रा एवं स्वच्छता उपायों को लागू करना जारी रखेगी। परियोजना की निरंतरता को सुनिश्चित करने के लिए कार्य चालू रखने आवश्यक हैं, और परियोजना टीम आगे अन्य अपडेट्स के अनुसार गतिविधियों की समीक्षा करना और इनका आकलन करना जारी रखेगी।


## अगले कदम

Sydney Metro – वेस्टर्न सिडनी एयरपोर्ट (Sydney Metro - Western Sydney Airport) परियोजना टीम सार्वजनिक प्रदर्शनी और सामुदायिक सलाह-मश्वरे के लिए विस्तृत नियोजन एवं पर्यावरणीय आकलन दस्तावेज़ तैयार करेगी।

परियोजना के लिए पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य सार्वजनिक प्रदर्शनी के लिए लगाया जाएगा।

प्रदर्शनी की अवधि के दौरान, समुदाय को निर्माण कार्य के प्रभावों, इससे आने वाली आवाज़ एवं कंपन, स्थल तक पहुँच और मेट्रो संचालनों सहित विषयों पर अपने मत प्रकट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। परियोजना टीम कई सामुदायिक सूचना सत्रों का आयोजन भी करेगी जहाँ Sydney Metro – वेस्टर्न सिडनी एयरपोर्ट (Sydney Metro - Western Sydney Airport) टीम के सदस्य सवालों का जवाब दे सकते हैं।

### Sydney Metro - वेस्टर्न सिडनी एयरपोर्ट (Sydney Metro - Western Sydney Airport) के लिए NSW की नियोजन प्रक्रिया




## Sydney Metro ऑस्ट्रेलिया का सबसे पहला पूरी तरह से सुलभ रेलवे है

मेट्रो पब्लिक ट्रांसपोर्ट उत्पाद का डिज़ाइन सुरक्षित, साफ, सुखद सेवाएँ प्रदान करने के लिए किया गया है जो समय पर चलेंगी, और सुलभ, सक्षम, सुविधाजनक और उपभोक्ताओं द्वारा प्रयोग किए जाने के लिए आसान होंगी।

Sydney Metro के स्टेशन उन लोगों के लिए पूरी तरह सुलभ हैं जो कम गतिशीलता से ग्रस्त हैं, जिनके पास प्रैम और बच्चे होते हैं। इसमें सभी स्टेशनों में प्लेटफॉर्म और ट्रेनों के बीच लेवल एक्सेस और लिफ्ट का होना शामिल है।



Sydney Metro ऑस्ट्रेलिया का सबसे पहला पूरी तरह से सुलभ रेलवे है।

**Sydney Metro - वेस्टर्न सिडनी एयरपोट (Sydney Metro - Western Sydney Airport)** परियोजना का वीडियो देखने के लिए स्कैन करें।

### हमें संपर्क करें

**1800 717 703** सामुदायिक सूचना सेवा 24 घंटे खुली

**sydneymetrowsa@transport.nsw.gov.au**

Sydney Metro – Western Sydney Airport, PO Box K659, Haymarket NSW 1240

यदि आपको दुभाषिए की ज़रुरत है, तो TIS National को **131 450** पर संपर्क करें और उन्हें **1800 717 703** पर फोन करने के लिए कहें

**sydneymetro.info**

© Sydney Metro 2020. 19185-GW 05.20 (Hindi)